मन्दिर में एक दिन

थैंक्सगिविंग-उत्सव के उपलक्ष्य में

अथर्ववेद से ऋचाएँ

माता पृथ्वी से प्रार्थना

वे पृथ्वी माँ
जो कभी समुद्र के जल में मग्न थीं,
और जिन्हें ऋषि-मुनियों ने अपनी अद्‌भुत शक्तियों से खोज निकाला,
जिनका हृदय शाश्वत स्वर्ग में वास करता है
और परम सत्य व अनश्वरता से आच्छादित है—
वे माता हमें और समस्त लोगों को
अपनी दीप्ति व बल प्रदान करें।

वे पृथ्वी माँ
जिन पर जलधाराएँ अनवरत रूप से, अहोरात्र बहती हैं,
हमें अपनी प्रचुर जलधाराओं रूपी क्षीर प्रदान करें
तथा अपने वैभव और शोभा की हम पर वर्षा करें।

हे माता पृथ्वी,
आप परम शुद्धिकारिणी हैं
जो परब्रह्म की शक्ति से फलती-फूलती हैं।
हे क्षमाशालिनी, मैं आपका आवाहन करता हूँ।
आप पोषण का, सुख-समृद्धि का, अन्न और घृत का स्रोत हैं,
हम आपमें विश्रान्ति पाएँ।

© २०२० एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।